**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 18.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- यातााियात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में यातायात पुलिस द्वारा इस वर्ष चलाए गए साढे चार महीने के अभियान में एक करोड़ से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई।
- मध्योत्तर अण्डमान जिले में स्वच्छ पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है।
- अट्ठारह सौ उनसठ की लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले ग्रेट अण्डमानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए कल पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कैम्पबेल बे पुलिस ने पचास करोड़ रूपए से अधिक मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया है।
- द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इस वर्ष एक जनवरी से अब तक एक करोड़ से अधिक की राशि जुर्माने के तौर पर वसूली है। द्वीपों में सड़क सुरक्षा बढ़ाने और यातायात को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के साथ–साथ सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात पुलिस की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। इस वर्ष यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल अट्ठारह हजार छह सौ पचास लोगों का चालान किया गया। इनमें नशे की हालत में गाड़ी चलाने के मामले में एक हजार एक सौ सत्रह व्यक्तियों से पचास लाख रूपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुलिस विभाग की ओर से समय–समय पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इन कक्षाओं के माध्यम से बीस हजार से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जा चुकी है। पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा माह के दौरान नेत्र जांच शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। गोलघर में सौर उर्जा संचालित ट्रैफिक पुलिस बूथ स्थापित किया गया है। ऐसे ही बूथ भातू बस्ती और लाइट हाउस जंक्शन पर स्थापित करने की भी योजना है।

सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने और स्कूली छात्रों की सुरक्षा के लिए दक्षिण अण्डमान और मध्योत्तर अण्डमान में ट्रैफिक वार्डन योजना के अंतर्गत साठ से अधिक स्कूलों को इसमें शामिल किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सभी से सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने और यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है। यातायात पुलिस ने आम जनता से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वाट्सएप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ नौ दो दो दो आठ पर जानकारी साझा करने को कहा है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले को स्वच्छ बनाने के लिए कल से स्वच्छ पंचायत अभियान की शुरूआत हो गई है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने बताया कि इसके लिए एस ओ पी तैयार किया गया है। इसके आधार पर सभी पंचायतों को अंक दिए जाएंगे और सर्वश्रेष्ठ तीन पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध मे सभी रिकॉर्ड और पंचायतों की सफलता, संबंधित मंत्रालय को भेजा जाएगा, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया जा सके। इस मिशन को कामयाब बनाने के लिए ज़िला उपायुक्त ने सभी पंचायत प्रधानों, सचिवों और विभिन्न लाईन विभागों के प्रमुखों के साथ मायाबंदर के ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक बुलाई। जो लोग इस बैठक में नहीं पहुंच सके, उनसे वर्चुअल रूप से संपर्क साधा गया।

<><><><><><><>

अट्ठारह सौ उनसठ में हुए अबरडीन की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति देने वाले ग्रेट अंडमानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए कल अबरडीन जल क्रीड़ा परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी, मुख्य सचिव केशव चन्द्र और अन्य गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उप–राज्यपाल ने ग्रेट अंडमानियों के परिजनों से भी मुलाकात की। यह कार्यक्रम कला और संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे पुलिस ने कैम्पबेल बे के जंगलों से करीब सोलह किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया है, जो संभवतः हेरोइन हो सकता है। थाना प्रभारी रोशन जॉर्ज के नेतृत्व में बाबू लाइन और आर. पी. आर. एस क्षेत्र के जंगलों में चलाए गए योजनाबद्ध खोज अभियान के दौरान ये नशीला पदार्थ पाया गया। ऑपरेशन टीम ने बी–क्वैरी समुद्र तट क्षेत्र से ये पदार्थ बरामद किया है। समझा जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र से ये आया हुआ है और ज़ब्त किए गए एक सामान में मेड इन ताइवान लिखा हुआ है। ज़ब्त किए गए नशीले पदार्थ की कीमत पचास करोड़ रूपये से अधिक हो सकती है। इस पूरे अभियान को कैम्पबेल बे एस डी पी ओ फिरोज़ आलम की देखरेख में चलाया गया।

<><><><><><><><><><><>

द्वीपों की पद्मश्री से सम्मानित के. चेल्लामल ने आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी सशक्त होंगे और दूसरों पर आश्रित नहीं होंगे। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि वे स्वयं किसान है, बाग–बगीचे के माध्यम से उन्होंने जीवन के उतार–चढ़ाव को देखा है। किसानों को अपनी उपज बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की आवश्यकता है, क्योंकि किसान देश की आर्थिक दशा को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी खेती–किसान से दूर होती जा रही है, लेकिन यदि यही युवा आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अपने ही खेत में इसका उपयोग करें, तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए। अपने खुद के जीवन संघर्ष की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बागवानी करती है। कृषि विभाग, क्यारी की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेकर जानकारी हासिल करती है और अपने बगीचे में इसका उपयोग करती है। उन्होंने कहा कि यदि हम सशक्त और आत्मनिर्भर होंगे, तो दूसरे देश पर निर्भरता कम होगी।

<><><><><><><><><><><>

बम्बूफ्लाट सब–स्टेशन में भूमिगत बिजली के केबलों को स्थानांतरित करने के कार्य के चलते आज बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के कुछ क्षेत्रों में भी बिजली कटौती की जाएगी। कटौती आज सुबह सात बजे से बारह बजे तक होगी। इसके अलावा आज सुबह सात बजे से दिन में एक बजे तक दक्षिण अंडमान के सीपीघाट, टेलराबाद, मंजरी, मंगलूटान, वन्डूर जैसे क्षेत्रों में भी बिजली की कटौती होगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><><><><><>

और अब मौसम

द्वीपों के कुछ भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। अगले सात दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। बीस मई को निकोबार द्वीप के एकाध भाग और इक्कीस मई को द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। बीस मई को तेज हवाएं चलने के कारण समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आज का अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के खालसा पब्लिक स्कूल में पैंतालीस दिवसीय चेस समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन और स्कूल की ओर से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इच्छुक अभिभावक इसके लिए अपने बच्चों का पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><><><><><>

## **समाचार पत्रों की सुर्खियां**

उप राज्यपाल द्वारा अबर्डीन की लड़ाई स्मारक पर ग्रेट अण्डमानियों को श्रद्धांजलि देने की खबर को **डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। इसके अलावा अखबार ने अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स के समापन समारोह की खबर को भी प्रमुखता दी है। **द्वीप समाचार** ने अण्डमान निकोबार पुलिस की ओर से कैटफिशिंग के लिए जन सलाह जारी किए जाने की खबर को अपने अंतिम पृष्ठ पर बॉक्स में प्रकाशित किया है। सांसद कुलदीप राय शर्मा ने आम जनता की सुरक्षा और परिवहन को आसान बनाने के लिए चाथम पुल की मरम्मत करने का अनुरोध किया है–**अण्डमान क्रोनिकल** की बड़ी खबर है।

पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण के लिए योजनाएं लागू करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रमुखता दी है। राज्य बाल संरक्षण सोसायटी की ओर से कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता के उभरते कलाकारों को सम्मानित किए जाने की खबर को **द इको ऑफ इंडिया** ने भीतर के पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**